प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 08.09.2024

- **जनपद में अवैध जुए/सट्टे के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कानपुर देहात पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी ।**
- **थाना बरौर पुलिस टीम की कार्यवाही से हार जीत की बाजी लगाकर जुआं खेल रहे 04 नफर अभियुक्तगण को कुल 20,700/- रूपये व 52 अदद ताश के पत्तों सहित गिरफ्तार किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व अवैध जुएं/सट्टे के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना बरौर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 08.09.2024 को लगभग 19.15 बजे मुखबिर खास की सूचना पर अकबरपुर निगौही मार्ग महोलिया तिराहा के पास जंगल बहद ग्राम महोलिया में हार जीत की बाजी लगाकर जुआं खेल रहे चार व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुये फड़ से 14600/- रूपये नगद व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 6100/- रूपये बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बरौर पर मु0अ0सं0 055/2024 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. गोविन्द सिंह पुत्र स्व0 श्री भगोनी प्रसाद निवासी लहरापुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
2. ज्ञान सिंह पुत्र रामचन्द्र निवासी दायलताला थाना बरौर जनपद कानपुर देहात ।
3. सुभाष पुत्र पूरनलाल निवासी लालकुआ बरौर थाना बरौर जनपद कानपुर देहात ।
4. विजय पुत्र मनीराम निवासी लालकुआ बरौर थाना बरौर जनपद कानपुर देहात ।

बरामदगी का विवरण-

1. 52 अदद ताश के पत्ते
2. 01 अदद चार्जिंग वाली टोर्च
3. माल जामा तलाशी 6100/- रुपये व माल फड़ 14600/- रुपये

गिरफ्तार करने वाली थाना बरौर पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री कालीचरन कुशवाहा
2. हे0का0 458 समर सिंह
3. हे0का0 465 योगेन्द्र
4. का0 859 सरवरे आलम
5. म0का0 108 अंशू शर्मा